AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि में नवंबर से प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं

## वीसी की अध्यक्षता में विभागाध्यक्षों व संकायाध्यक्षों की बैठक में फैसला

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक/परास्नातक पहले सेमेस्टर की कक्षाएं नवंबर के पहले सप्ताह से शुरू होंगी। क्लासेज ऑनलाइन चलेंगी या ऑफलाइन, यह निर्णय विभागाध्यक्ष को करना होगा। वो इसके लिए फ्लिप क्लास रूम मॉडल (क्लास ऑनलाइन, डाउट क्लियर ऑफलाइन) का भी प्रयोग कर सकते हैं।

यह सहमति लविवि के सभी विभागाध्यक्ष व संकायाध्यक्ष की बृहस्पतिवार को हुई बैठक में बनी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में अर्थशास्त्र विभाग के कौटिल्य हॉल में इस पर चर्चा हुई। क्लासेज की समय सारिणी अगले सप्ताह तक स्लेट पर अपलोड कर दी जाएगी। बैठक में तय हुआ कि विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं समय से आयोजित की जाएंगी।

### परास्नातक में 15 अंक शैक्षणिक भागीदारी के मिलेंगे

लविवि में हुई डीन-हेड की बैठक में तय हुआ कि आंतरिक कुल 30 अंकों में से 15 अंक एक परीक्षा के लिए आवंटित किए जाते हैं और 15 अंक छात्र की शैक्षणिक भागीदारी को आवंटित किए जाते हैं। संबंधित विभागाध्यक्षों को आंतरिक परीक्षा के पैटर्न (ऑनलाइन / ऑफलाइन / प्रेजेंटेशन / असाइनमेंट) तय करने की स्वतंत्रता दी गई थी। उसी के अनुसार 30 नवंबर तक अंक जमा करें। 31 दिसंबर तक अकादमिक भागीदारी के लिए आवंटित अंक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। यूजी में कुल 20 अंकों में से 10 अंक प्रेजेंटेशन के लिए और 10 अंक अकादमिक भागीदारी के लिए आवंटित किए जाते हैं। संबंधित हेड को 30 नवंबर तक आवंटित अंक जमा करने हैं।

सरकार के निर्देशों के अनुसार आवश्यक निर्णय लेने को दिसंबर तक डीन की एक समिति का गठन किया जाएगी। कुलपति प्रो. राय ने बताया कि विवि में शिक्षण पदों को भरने के लिए विज्ञापित 180 पदों के लिए, संस्थान को 5000 से अधिक आवेदन मिले हैं। इस पर आगे की प्रक्रिया चल रही है। बैठक में डीन एकेडमिक्स प्रो. अरविंद मोहन, परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना और रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# लविवि के लिए चलेगी गुलजार की लेखनी

## शताब्दी समारोह के लिए आमंत्रित मशहूर गीतकार ने की कुलपति से बात

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** अपने शब्दों से पूरी दुनिया को दीवाना बनाने वाले गुलजार लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए भी अपनी लेखनी चलाएंगे। बॉलीवुड की मशहूर हस्ती गुलजार ने लविवि के शताब्दी समारोह के लिए आमंत्रण मिलने के बाद बृहस्पतिवार को लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से फोन पर बातचीत की। लविवि को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि हालात सामान्य हुए तो वह कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। किन्हीं वजह से ऐसा संभव नहीं हुआ तो वर्चुअली उनकी मौजूदगी समारोह में होगी। इसके साथ ही उन्होंने विवि के लिए कुछ लिखने की बात भी कही है। समारोह के दौरान अनूप जलोटा, मशहूर आर्यन बैंड के साथ ही कई हस्तियों को अपनी परफॉर्मेंस देने के लिए आमंत्रित किया गया है।

लविवि की स्थापना 25 नवंबर 1920 को हुई थी और जुलाई 1921 में यहां पढ़ाई की शुरुआत हुई थी। लविवि इस साल अपना शताब्दी समारोह मना रहा है। 19 से 25 नवंबर के दौरान यहां विभिन्न आयोजन होंगे। विवि ने शताब्दी समारोह के आगाज के लिए राष्ट्रपति और समापन समारोह के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रण पत्र भेजा है। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री, राज्यपाल के साथ कई अन्य प्रदेशों के राजनेता व लविवि के पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया जा रहा है। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन होंगे। इसमें बॉलीवुड की हस्तियां शामिल होंगी। इसी कड़ी में गुलजार को आमंत्रित किया गया है।

### शताब्दी समारोह में सजेगा भव्य राम दरबार

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण शुरू हो चुका है। इसे पूरा होने में अभी समय लगेगा पर इससे पहले लविवि के मंच पर राम का दरबार सज जाएगा। तमिलनाडु का मशहूर थियेटर ग्रुप इसका माध्यम बनेगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि थियेटर ग्रुप ने विवि के शताब्दी समारोह में रामायण के मंचन के लिए अपनी सहमति दे दी है। यह मंचन संस्कृत में होगा। कार्यक्रम में हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत में नाटकों का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूप में मुख्यमंत्री योगी को आमंत्रित किया जा रहा है।

### लविवि के लिए गौरव की बात

"लविवि के शताब्दी समारोह को भव्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है। हमारे लिए गौरव की बात है कि गुलजार ने विश्वविद्यालय के लिए कुछ लिखने का वायदा किया है। हम उम्मीद करते हैं कि वे समारोह में उपस्थित होकर खुद इसका पाठ भी करेंगे। – **प्रो. अलोक कुमार राय, कुलपति, लविवि**

NBT PAGE 6

# 135 विदेशी स्टूडेंट्स ने एलयू में किया आवेदन

■ **एनबीटी,लखनऊः** कोराना महामारी के दौर के बीच विदेशी छात्रों का एलयू की ओर रुझान अपने आप में एक उपलब्धि माना जा रहा है। विवि प्रशासन का कहना है कि विदेशी स्टूडेंट्स के एलयू में एडमिशन लेने से एलयू की ख्याति काफी बढ़ी हैं। इस बार एलयू में एडमिशन के लिए अब तक करीब 135 स्टूडेंट्स ने आवेदन किए हैं जो गत साल की तुलना में करीब 60 प्रतिशत अधिक हैं। बीते साल करीब 80 विदेशी स्टूडेंट्स ने एलयू में विभिन्न कोर्सेज में दाखिला लिया था।

■ गत वर्ष की तुलना में 60 फीसदी अधिक आवेदन
■ एलयू करेगा रुकने की विशेष व्यवस्था

एलयू के इंटरनेशनल स्टूडेंट एडवाइजर आईएसए प्रो. एम आरिफ फरीद अय्यूबी ने बताया कि इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशन्स आईसीसीआर के माध्यम से करीब 135 स्टूडेंट्स ने विभिन्न कोर्सेज के लिए आवेदन किया है। इनमें सबसे ज्यादा 55 आवेदन अफगानिस्तान से आए हैं, इसके वाद अलावा ईरान, लिसोथो व वोत्सवाना से चार-चार स्टूडेंट्स ने एडमिशन के लिए आवेदन किया है। इसके अलावा चीन, वियतनाम, केन्या, सूडान सहित करीब दो दर्जन देशों से एक-एक स्टूडेंट्स ने एलयू में एडमिशन के लिए आवेदन किया है। प्रो. अय्यूबी ने बताया कि 2016 से अब तक अपने कार्यकाल में उन्होंने सबसे ज्यादा विदेशी स्टूडेंट्स ने एलयू में एडमिशन के लिए आवेदन किया है। इन स्टूडेंट्स को यहां पर रहने और पढ़ाई की पूरी व्यवस्था विवि प्रशासन की ओर से की जाएगी। अभी तक सबसे ज्यादा आवेदन गत वर्ष आया था।

प्रो अययूबी ने वताया कि इस वार दो विदेशी स्टूडेंट्स ने एलयू के हिंदी डिपार्टमेंट से हिंदी विषय में पीएचडी करने के लिए एडमिशन के लिए आवेदन किया है। इटली की छात्रा जियोवाना कार्मेला कॉर्डेलिया व मॉरीशस की लक्सिमन भीमादेवी ने हिंदी विषय से पीएचडी करने के लिए इस साल आवेदन किया है। इसके अलावा इंग्लिश विषय से भी पीएचडी करने के लिए एक स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है।



### इन कोर्सेज हुए आवेदन

वीएफए, वीए उर्दू, वीटेक, पीएचडी, वीए इकोनॉमिक्स, वीएससी वायोलॉजी, एमए, एमवीए, एमए जिऑग्रफी एंड सोशल वर्क, मकैनिकल इंजिनियरिंग

### इन देशों के स्टूडेंट्स ने किया है आवेदन

अफगानिस्तान से 55, ईरान से 4, लिसोथो से 4, बोत्सवाना से 4, मॉरीशस से 3, थाईलैंड से 3, सूडान से 3, केन्या से 3, मेडागास्कर से 2,नामीबिया से 1,म्यामांर से 1, बांग्लादेश से 1, फिजी से 1, वियतनाम से 1, मंगोलिया से 1, नेपाल से 1, इटली से 1, स्विजरलैंड से 1, घाना से 1

### दो हॉस्टलों में रुकेंगे विदेशी स्टूडेंट्स

एलयू स्टूडेंट्स के रूकने और पढ़ाई के लिए विशेष इंतजाम कर रहा है। इंटरनेशनल स्टूडेंट एडवाइजर आईएसए प्रो. एम आरिफ फरीद अय्यूबी ने वताया कि इसके लिए चीफ प्रोवोस्ट से वात की गई है। वलरामपुर इंटरनेशनल हॉस्टल के अलावा एक और हॉस्टल इन स्टूडेंट्स के लिए अरेंज करने की सहमति प्रदान की हैं।

# एलयू ने सीएसजेएमयू से 364 कॉलेजों का मांगा स्टेटस

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय का सीमा विस्तार का नोटिफिकेशन जारी होते ही एलयू प्रशासन ने छत्रपति शाहूजी माहराज विश्वविद्यालय से चार जिलों के 364 कॉलेजों के स्टेटस के वारे में जानकारी मांगी ली है। विवि के कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने वताया कि कानपुर विवि को पत्र जारी कर एक माह के अंदर जानकारी देने को कहा है।

वता दें कि एलयू को आत्मनिर्भर वनाने के लिए शासन ने कानपुर विवि से जुड़े 950 कॉलेजों में से करीव 364 कॉलेजों को एलयू से जोड़ने के लिए शासन ने 31 अगस्त 2020 को अधिसूचना जारी की थी। उत्तरप्रदेश विश्वविद्यालय संशोधन अधिनियम 2020 के माध्यम से जारी अधिसूचना में रायवरेली, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी में आने वाले जिलों के कालेजों को शामिल किया गया है। इसमें रायवरेली के 76 कॉलेज, सीतापुर के 83 कॉलेज, लखीमपुर खीरी के 66 और हरदोई के 139 कॉलेज शामिल हैं।

### पीजी प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट 26 को

■ **एनबीटी, लखनऊः** एलयू में पीजी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा के परिणाम 26 अक्टूबर तक जारी कर दिए जाएंगे। नवंबर के पहले सप्ताह में पीजी में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करने की रणनीति वना चुका है। वता दें कि पीजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में इस वार करीव 4200 सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा जमा किए जाने वाला ऑनलाइन पंजीकरण शुल्क अव नहीं लिया जा रहा है।

वता दें कि स्टूडेंट्स को पंजीकरण करते समय नॉन-रिफंडेवल 200 रुपये का भुगतान करना होता था। इसको जमा करने का विकल्प अव विवि प्रशासन ने हटा दिया है। छात्र अल्ताफ ने वताया कि इस शुल्क को लेकर डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन से वता की थी तो उन्होंने आश्वासन दिया था।

### यूजी/पीजी का नया सत्र अगले सप्ताह से

■ **एनबीटी, लखनऊः** एलयू में नए सत्र 2020-21 की यूजी और पीजी की कक्षाएं अगले सप्ताह से शुरू होंगी। ये फैसला विश्वविद्यालय प्रशासन ने गुरुवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई सभी विभागाध्यक्षों व डीन की बैठक में लिया है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि प्रथम सेमेस्टर यूजी व पीजी कार्यक्रमों के लिए कक्षाएं अगले सप्ताह फ्लिप क्लासरूम मॉडल पर शुरू होंगी। इसकी समय सारणी अगले सप्ताह की शुरुआत में स्लेट पर अपलोड की जानी है।

JAGRAN CITY PAGE II

# पीजी प्रवेश परीक्षा परिणाम 26 को

लखनऊ विश्वविद्यालय

**स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए चल रही प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम दौर के बाद अब लखनऊ विश्वविद्यालय का फोकस परास्नातक (पीजी) के पाठ्यक्रमों में दाखिले पर है। पीजी के लगभग सभी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा का परिणाम 26 अक्टूबर तक जारी कर दिए जाएंगे। ताकि नवंबर के पहले सप्ताह में परास्नातक में भी दाखिले के लिए प्रक्रिया पूरी हो सके। लविवि में पीजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में इस बार करीब 4200 सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे।**

**अगर किसी अभ्यर्थी के पास वर्तमान में मूल अंक पत्र नहीं है तो वे इस समय स्वयं सत्यापित इंटरनेट प्रति अपलोड कर सकते हैं। मूल अंक पत्र से सत्यापन, रिपोर्टिंग के समय किया जाएगा। जांच में अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किये गये अभिलेख गलत पाए जाते हैं तो उसका प्रवेश रोक दिया जाएगा। निर्धारित समय सीमा के अंदर अपने सभी अभिलेख वेबसाइट पर अपलोड करना अभ्यर्थी का स्वयं का दायित्व होगा। काउंसिलिंग के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को अपनी पसंद के अनुसार विषय/महाविद्यालय के विकल्पों को चयनित करना होगा। अभ्यर्थी जितने चाहे उतने विकल्प दे सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा भरे गये विकल्पों को अंतिम तिथि तक किसी भी समय दोबारा व्यवस्थित किया जा सकता है, यदि उन्हें लॉक न किया गया हो। अगर किसी अभ्यर्थी ने विकल्प प्रस्तुत किये हैं, मगर विकल्प भरने की अंतिम तिथि तक उसे लॉक नहीं किया है, तो यह विकल्प सीट आवंटन से पहले स्वतः लॉक हो जाएंगा। अभ्यर्थी ने काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण किया है, लेकिन विकल्प नहीं भरा है, तो वह सीट का पात्र नहीं होगा। सीट आवंटन का परिणाम अभ्यर्थी की लॉग इन पर ही उपलब्ध होगा। जिनके अभिलेख फर्जी होंगे उन्हें प्रवेश नहीं मिलेगा।**

### पंजीकृत अभ्यर्थी ही भर सकेंगे विकल्प

अभ्यर्थियों को अपनी अंकतालिका एवं अन्य संबंधित अभिलेखों को लखनऊ विश्वविद्यालय के ऑनलाइन काउंसिलिंग पोर्टल पर अपलोड करना होगा। जिन अभ्यर्थियों ने पीजी के पाठ्यक्रमों/विषयों में प्रवेश हेतु आवेदन किया है, उन्हें भी अपनी अंकतालिका एवं अन्य संबंधित अभिलेखों को लखनऊ विश्वविद्यालय के ऑनलाइन काउंसिलिंग पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

### परीक्षा प्राप्तांक के आधार पर होंगे इन कोर्सों में दाखिले

आचार्य, एमए अरब कल्चर, एमए अरेबिक, एमए डिफेंस स्टडीज, एमए लिंग्विस्टिक्स, एमए मॉडर्न अरेबिक, एमए पर्शियन, एमए फिलॉसफी, एमए संस्कृत, एमए उर्दू, एमए पॉपुलेशन स्टडीज, एमएससी जैव सांख्यिकी, एमए पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस, एमए, एमएससी (योग)।

### अगले सप्ताह अपलोड होगा यूजी-पीजी का टाइम टेबल

लखनऊ विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के कौटिल्य हॉल में में गुरुवार को विभागाध्यक्षों और संकायाध्यक्षों की बैठक हुई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में मिड सेमेस्टर व अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं के आयोजन, ऑनलाइन व ऑफलाइन स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं की शुरुआत को लेकर चर्चा हुई। कुलपति ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर यूजी-पीजी की कक्षाएं अगले सप्ताह फ्लिप क्लासरूम मॉडल पर शुरू होगी, यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड का संयोजन होगा। समय सारणी अगले सप्ताह SLATE पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। परास्नातक पाठ्यक्रमों में आंतरिक परीक्षा कुल 30 अंकों में से 15 अंक एक परीक्षा के लिए आवंटित किए जाते हैं, बाकी 15 अंक छात्र की शैक्षणिक भागीदारी पर मिलते हैं। 30 नवंबर तक अंक (परीक्षा को आवंटित 15 अंक) संबंधित विभाग को भेजने होंगे। 31 दिसंबर तक अकादमिक भागीदारी के लिए आवंटित अंक भेजे जा सकते हैं। अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों की आंतरिक परीक्षा कुल 20 अंकों में से 10 अंक प्रजेंटेशन के लिए और 10 अंक अकादमिक भागीदारी के लिए दिए जाते हैं। संबंधित विभाग प्रमुखों को 30 नवंबर तक नंबर भेजने होंगे।

PIONEER PAGE 3

# लविविः नए सत्र में यूजी और पीजी कक्षाएं अगले सप्ताह से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** महामारी के दौर में सत्र 2020-21 के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजी व पीजी की कक्षाएं अगले सप्ताह से शुरू होंगी। गुरुवार को यह निर्णय विवि के कुलपति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सभी डीन और एचओडी की बैठक में लिया गया है।

विवि परिसर स्थित कौटिल्य सभागार में विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ बैठक में फर्स्ट सेमेस्टर यूजी व पीजी प्रोग्राम के लिए क्लासेस अगले वीक से फ्लिप क्लासरूम मॉडल पर शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसका टाइम टेबल अगले सप्ताह के शुरू होने से पहले ही वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। बैठक में मिड सेमेस्टर एग्जाम का आयोजन, अंतिम सेमेस्टर एग्जाम के आयोजन, ऑनलाइन व ऑफलाइन यूजी व पीजी क्लासेस रखने पर निर्णय व फर्स्ट सेमेस्टर यूजी व पीजी क्लासेस की शुरुआत पर निर्णय लिया गया।

### 30 नवंबर तक खत्म करनी होंगी विभागों को मिड टर्म परीक्षाएं

**ये हुए फैसले:**. पीजी में मिड टर्म एग्जाम कुल 30 अंकों का होगा। उसमें 15 अंक एक एग्जाम के लिए आवंटित किए जाते हैंए और 15 अंक छात्र की शैक्षणिक भागीदारी को आवंटित किए जाते हैं। इससे संबंधित एचओडी को इंटरर्नल एग्जाम के पैटर्न ऑनलाइन, ऑफलाइन, प्रेजेंटेशन व असाइनमेंट तय करने में इस साल स्वतंत्रता दी है, उसी के हिसाब से 30 नवंबर तक सभी विभागों को परीक्षाएं खत्म करानी होंगी।. यूजी में इंटर्नल एग्जाम कुल 20 अंकों के होंगे। इसमें से 10 अंक प्रेजेंटेशन के लिए और 10 अंक अकादमिक भागीदारी के लिए आवंटित किए जाएंगे, इसमें भी विभागों को 30 नवंबर तक परीक्षा खत्म कराना होगा।. यूपी राज्य सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, ऑड सेमेस्टर के एग्जाम समय से आयोजित की जाएंगी। सरकार के निर्देशों के अनुसार आवश्यक निर्णय लेने के लिए दिसंबर तक डीन की एक समिति का गठन किया जाएगा।

. फर्स्ट सेमेस्टर यूजी व पीजी कोर्सेज के लिए क्लासेस अगले सप्ताह फ्लिप क्लासरूम मॉडल पर शुरू होंगीए एचओडी अपने विवेक के अनुसार ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में क्लासेस संचालित करेंगे। इसका टाइम टेबल अगले सप्ताह की शुरुआत मे स्लेट पर अपलोड की जानी है।

# एलयू ने कानपुर यूनिवर्सिटी से 364 कालेजों का मांगा स्टेटस

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय का सीमा विस्तार का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद विवि प्रशासन ने कानपुर यूनिवर्सिटी से चार जनपदों के 364 कॉलेजों के स्टेटस के बारे में जानकारी मांगी है। विवि प्रशासन ने पत्र जारी कर एक माह के अंदर जानकारी देने को कहा है। जिससे आगे की कार्यवाही को शुरू किया जा सके।लखनऊ विश्वविद्यालय को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन स्तर पर कानपुर यूनिवर्सिटी से जुड़े 950 कालेजों में से तकरीबन 364 कालेजों को एलयू से जोड़ने के लिए शासन ने 31 अगस्त 2020 को अधिसूचना जारी की थी। उत्तरप्रदेश विश्वविद्यालय संशोधन अधिनियम 2020 के माध्यम से जारी अधिसूचना में रायबरेली, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी में आने वाले जनपदों के कालेजों को शामिल किया गया है। इनमें रायबरेली के 76 कॉलेज, सीतापुर के 83 कॉलेज, लखीमपुर खीरी के 66 और हरदोई के 139 कॉलेज शामिल हैं। विवि के कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया कि कानपुर यूनिवर्सिटी से चार जनपदों के अंतर्गत आने वाले कालेजों के स्टेटस के बारे में जानकारी मांगी गई है। जिससे आगे की प्रक्रिया शुरू की जा सके।शासन स्तर पर नवम्बर माह के दौरान सम्बद्धता की प्रक्रिया को शुरू किया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में अगले साल की सम्बद्धता के लिए नए कालेजों में जिनकी सम्बद्धता समाप्त हो रही है। उन्हें आवेदन करना होगा।

i-NEXT PAGE II

135 विदेशी स्टूडेंट्स ने किया एडमिशन के लिए आवेदन

# विदेशी मेहमान, बढ़ाएंगे एलयू की शान

### बीते साल 80 विदेशी स्टूडेंट्स ने लिया था एडमिशन

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (22 Oct) :**एक तरफ जहां कोरोना काल में लोग घर से दूर जाकर नहीं पढ़ना चाहते हैं, वहीं बड़ी संख्या में विदेशी स्टूडेंट्स पढ़ाई के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी को चुन रहे हैं. एलयू में इस बार अब तक करीब 135 विदेशी स्टूडेंट्स ने एडमिशन के लिए आवेदन किया है, जो बीते साल की तुलना में 60 फीसद अधिक है. बीते साल एलयू में करीब 80 विदेशी स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया था.

### एलयू करेगा व्यवस्था

एलयू के इंटरनेशनल स्टूडेंट एडवाइजर आईएसए प्रो. एम आरिफ फरीद अय्यूबी ने बताया कि इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशन्स के माध्यम से करीब 135 विदेशी स्टूडेंट्स ने विभिन्न कोर्सेज में एडमिशन के लिए आवेदन किया है. सर्वाधिक आवेदन अफगानिस्तान से आए हैं. करीब दो दर्जन से अधिक देशों के स्टूडेंट्स ने एडमिशन के लिए आवेदन किया है. इन स्टूडेंट्स के रहने और पढ़ाई की पूरी व्यवस्था एलयू प्रशासन की ओर से की जाएगी.

CONCEPT PIC

### इन कोर्सेज में आवेदन

● बैचलर ऑफ परफॉरमिंग आर्ट्स ● बीए उर्दू ● बीटेक ● एमए जिओग्राफी एंड सोशल वर्क ● मकेनिकल एवं पेट्रोलियम इंजीनियरिंग ● पीएचडी ● बीए इकोनॉमिक्स ● बीएससी बायोलॉजी ● एमए ● एमबीए

### किस साल कितने विदेशी छात्र

| साल | संख्या |
|---|---|
| 2017-18 | 09 |
| 2018-19 | 33 |
| 2019-20 | 80 |
| 2020-21 | 135 |

### इन देशों के स्टूडेंट्स ने किया आवेदन

| देश | आवेदन संख्या |
|---|---|
| अफगानिस्तान | 55 |
| ईरान | 04 |
| लिसोथो | 04 |
| बोत्सवाना | 04 |
| थाईलैंड | 03 |
| केन्या | 03 |
| मॉरीशस | 03 |
| मेडागास्कर | 02 |
| चीन | 01 |
| वियतनाम | 01 |
| सूडान | 01 |
| नामीबिया | 01 |
| म्यांमार | 01 |
| बांग्लादेश | 01 |
| फिजी | 01 |
| मंगोलिया | 01 |
| इटली | 01 |

नोट- अन्य देशों के स्टूडेंट्स ने भी एडमिशन के लिए आवेदन किया है

### एलयू ने मांगी 364 कॉलेजों की डिटेल

**LUCKNOW (22 Oct, inext):** एलयू के सीमा विस्तार के नोटिफिकेशन के जारी होने के बाद एलयू ने कानपुर यूनिवर्सिटी से चार जनपदों के 364 कॉलेजों के स्टेटस की जानकारी एक माह के अंदर मांगी है. इस मामले में कानपुर यूनिवर्सिटी को लेटर लिखा गया है. रजिस्ट्रार विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शासन के ओर से इन चार जिलों को लखनऊ यूनिवर्सिटी में शामिल करने का आदेश मिला है.

**सभी स्टूडेंट्स की जानकारी**

एलयू को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन स्तर पर कानपुर यूनिवर्सिटी से जुड़े 950 कॉलेजों में से 364 कालेजों को एलयू से जोड़ने के लिए शासन ने 31 अगस्त 2020 को अधिसूचना जारी की थी. जारी अधिसूचना में रायबरेली, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी में आने वाले जनपदों के कॉलेजों को शामिल किया गया है. इनमे रायबरेली के 76 कॉलेज, सीतापुर के 83 कॉलेज, लखीमपुर खीरी के 66 और हरदोई के 139 कॉलेज शामिल हैं. शासन स्तर पर नवम्बर के दौरान संबद्धता की प्रक्रिया को शुरू करना प्रस्तावित है.

# यूजी और पीजी की अगले सप्ताह से लगेंगी क्लासेज

### लखनऊ यूनिवर्सिटी में 30 नवंबर तक खत्म करने होंगे मिड टर्म एग्जाम

**LUCKNOW (22 Oct, inext):** लखनऊ यूनिवर्सिटी में नए सेशन की यूजी और पीजी की क्लास अगले सप्ताह से शुरू होंगी. यह निर्णय वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को सभी डीन और एचओडी की बैठक में लिया. बैठक में निर्णय लिया गया है कि फर्स्ट सेमेस्टर यूजी व पीजी प्रोग्राम के लिए क्लासेस अगले वीक से फ्लिप क्लास रूम मॉडल पर शुरू होंगी. इसका टाइम टेबल अगले वीक के शुरू होने से पहले ही वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा.

**बताई उपलब्धियां**

बैठक में वीसी ने डीन व एचओडी को कोरोना काल में यूनिवर्सिटी के कार्यों की जानकारी दी. उन्होंने यूनिवर्सिटी में इस साल हुए सेंट्रल एडमिशन सिस्टम, स्लेट के साथ ऑनलाइन शिक्षा और इसके कॉपीराइट का अधिग्रहण, यूनिवर्सिटी के आधिकारिक यूट्यूब चैनल का मुद्रीकरण के बारे में बताया.

### यह हुए फैसले

● पीजी में मिड टर्म एग्जाम 30 अंकों का होगा. उसमें 15 अंक एक एग्जाम के लिए आवंटित किए जाते हैं, और 15 अंक छात्र की शैक्षणिक भागीदारी को आवंटित किए जाते है.
● यूजी में इंटर्नल एग्जाम 20 अंकों के होंगे. इसमें से 10 अंक प्रेजेंटेशन के लिए और 10 अंक अकादमिक भागीदारी के लिए आवंटित किए जाएंगे. 30 नवंबर तक परीक्षा खत्म कराना होगा. ● ऑड सेमेस्टर के एग्जाम समय से होंगे.

# कोरोना काल में बढ़ी विदेशी छात्रों की आमद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ग्लोबल** बीमारी कोरोना के दौर में इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों की आमद में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई है। इस साल बीते सत्र की अपेक्षा विदेशी छात्रों की संख्या में 60 फीसदी बढ़ोत्तरी हुई है। इन छात्रों में कुछ ऐसे भी विदेशी छात्र हैं, जो भारतीय भाषा हिंदी पर पीएचडी करने के साथ ही भारतीय राजनीति पर भी शोध करेंगे।

पिछले कई वर्ष के मुकाबले इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन काफी खुश है। इसके पीछे नैक मूल्यांकन को लेकर सहयोग मिलना भी कारण है। विवि प्रशासन के मुताबिक एडमिशन के लिए अभी तक करीब 135 स्टूडेंट्स के आवेदन आ चुके हैं। जो बीते साल की तुलना में करीब 60 प्रतिशत अधिक हैं। बीते साल करीब 80 विदेशी स्टूडेंट्स ने एलयू में विभिन्न कोर्सेज में एडमिशन लिया था। एलयू के इंटरनेशनल स्टूडेंट एडवाइजर आईएसए प्रो. एम आरिफ फरीद अय्यूबी का कहना है कि इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशन्स के माध्यम से करीब 135 स्टूडेंट्स ने विभिन्न कोर्सेज के लिए आवेदन किया है। इनमें सबसे ज्यादा 55 आवेदन अफगानिस्तान से आए हैं। इसके अलावा ईरान, लिसोथो व बोत्सवाना से चार-चार स्टूडेंट्स ने लिए आवेदन किया हैं। प्रो. अय्यूबी ने बताया कि 2016 से अब से उन्होंने लविवि में आईएसए का पद संभाला है, तबसे सबसे ज्यादा विदेशी छात्रों ने लविवि में दाखिले के लिए आवेदन किया हैं। इन छात्रों को यहां पर रहने और पढ़ाई की पूरी व्यवस्था विवि प्रशासन की ओर से की जा रही हैं। अभी तक सबसे ज्यादा आवेदन बीते साले आया था।

### लखनऊ विश्वविद्यालय

### इस साल रिकार्ड 135 विदेशी छात्रों ने किया आवेदन, बीते सत्र की अपेक्षा संख्या में 60 फीसदी बढ़ोत्तरी

साल करीब 80 विदेशी स्टूडेंट्स ने एलयू में विभिन्न कोर्सेज में एडमिशन लिया था। एलयू के इंटरनेशनल स्टूडेंट एडवाइजर आईएसए प्रो. एम आरिफ फरीद अय्यूबी का कहना है कि इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशन्स के माध्यम से करीब 135 स्टूडेंट्स ने विभिन्न कोर्सेज के लिए आवेदन किया है। इनमें सबसे ज्यादा 55 आवेदन अफगानिस्तान से आए हैं। इसके अलावा ईरान, लिसोथो व बोत्सवाना से चार-चार स्टूडेंट्स ने एडमिशन के लिए आवेदन किया है। इसके अलावा थाईलैंड, वियतनाम, केन्या, सूडान सहित करीब दो दर्जन देशों से एक-एक स्टूडेंट्स ने एलयू में एडमिशन के लिए आवेदन किया है। प्रो अय्यूबी ने बताया कि 2016 से जबसे उन्होंने एलयू में इंटरनेशनल स्टूडेंट्स एडवाइजर का पद संभाला है तब से ज्यादा विदेशी स्टूडेंट्स ने एलयू में एडमिशन के लिए आवेदन किया है। इन स्टूडेंट्स को यहां पर रहने और पढ़ाई की पूरी व्यवस्था यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन स्टूडेंट्स के ठहरने के लिए चीफ प्रोवोस्ट की तरफ से दो हॉस्टलों की स्वीकृति मिल चुकी है।

### पांच साल में विदेशी छात्रों के आवेदन

| साल | टोटल विदेशी स्टूडेंट्स |
|---|---|
| 2017-18 | 9 |
| 2018-19 | 33 |
| 2019-20 | 80 |
| 2020-21 | 135 |

**इटली व मारीशस की छात्रा करेंगी एलयू से हिंदी में पीएचडी**

वहीं इस बार दो स्टूडेंट्स ने एलयू के हिंदी डिपार्टमेंट से हिंदी विषय में पीएचडी करने के लिए एडमिशन के लिए आवेदन किया हैं। इटली की छात्रा जियोवाना कार्मेला कॉर्डेलिया व मॉरीशस की लक्सिमन भीमादेवी ने हिंदी विषय से पीएचडी करने के लिए इस साल आवेदन किया हैं। जबकि बीते साल रूस की एक स्टूडेंट्स ने हिंदी से पीएचडी करने के लिए आवेदन किया था, पर वह किसी कारण से नहीं आ सकी थी। उसने भी इस साल इसी कोर्स में एडमिशन के लिए आने की सहमति दी है। इसके अलावा इंग्लिश विषय से भी पीएचडी करने के लिए एक स्टूडेंट्स ने आवेदन किया हैं।

### 26 अक्टूबर तक जारी होंगे एलयू पीजी के प्रवेश परिणाम

पीजी कक्षाओं में दाखिले को लेकर सम्पन्न हुई प्रवेश परीक्षा का परिणाम इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन विवि की वेबसाइट पर नहीं, स्टूडेंट्स की लॉगिन आईडी पर उपलब्ध कराएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक पीजी के लगभग सभी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा का परिणाम 26 अक्टूबर तक जारी कर दिए जाएंगे। एलयू प्रशासन नवंबर के पहले सप्ताह में परास्नातक में दाखिले की प्रक्रिया पूरी करने की रणनीति बना चुका है। बता दें कि प